
सांता आया, उपहार लाया ।



आया बैसाखी का त्योहार, घर-घर भांगड़े की बहार ।




KYX7VH



कविता – सुनो, दोहराओ और गाओ :

# २. इंद्रधनुष



*– घमंडीलाल अग्रवाल*



पहला रंग बैंगनी रहता
रंग दूसरा नीला ।
रंग आसमानी के पीछे
हरा और फिर पीला ।।

छठा रंग नारंगी देखो
लाल सातवाँ प्यारा ।
इंद्रधनुष में सात रंग का
दिखता सदा नजारा ।।

जब भी वर्षा थम जाती है
सूरज चमक लुटाता ।
नभ की चादर पर चमकीला
इंद्रधनुष सज जाता ।।

इंद्रधनुष-सा बने राष्ट्र में
वह तो नाम कमाए ।
अपनी अनुपम लीलाओं से
जन-जन को हर्षाए ।।

१. **चंद्रबिंदुयुक्त ( ँ )शब्दों को सुनो और दोहराओ :**



| | | | |
|---|---|---|---|
| माँ | हाँ | आँचल | दाँत |
| पहुँच | जाऊँगा | धुआँ | परियाँ |

२. **उत्तर बताओ :**



(१) इंद्रधनुष के कुल रंग – ...............

(२) इंद्रधनुष यहाँ दिखाई देता है – ...............

(३) इंद्रधनुष का पहला रंग – ...............



३. **पढ़ो, समझो और नीचे दिए रंगों की एक वस्तु बताओ :**

इंद्रधनुष के रंगों का क्रम ( बैं नी आ ह पी ना ला )

४. **नाम लिखो :**



(१) चमक लुटाता है । → 

(२) सज जाता । → 

५. **दिए गए वर्णों को वर्णमाला के क्रम से लिखकर पढ़ो :**



| ठ | ढ | ड़ | ढ़ | ण | ड | ट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ....... | ....... | ....... | ....... | ....... | ....... | ...... |








W6PIGQ



चित्रकहानी – पढ़ो और लिखो :


# ३. बातूनी कछुआ



जंगल के बीच एक सुंदर था । वहाँ से दो आते थे । उसी में एक भी रहता था । वह हरदम बक-बक करता था । और में मित्रता थी । ने एक दिन से कहा कि इस का पानी जल्दी ही सूखने वाला है । तुम्हें अपने लिए कुछ सोचना पड़ेगा । अब क्या करना है?

ने कहा, ''तुम ही कुछ सहायता करो ।'' ने उसे अपने साथ बड़े में चलने का सुझाव दिया । भी उनकी बात मान गया । उन्होंने के सामने एक शर्त रखते हुए कहा कि तुम बहुत बातूनी हो, सफर में बिलकुल नहीं बोलना । ने शर्त मान ली ।

ने से एक लकड़ी को बीचोंबीच पकड़ने के लिए कहा और वे के दोनों सिरों को अपनी-अपनी से पकड़कर उड़ चले ।



हंसों के साथ में उड़कर खुश हुआ । नीचे धरती के दृश्य देखकर अपने आप को रोक नहीं पाया, अचानक बोल पड़ा । जैसे ही वह बोला, उसके मुँह से छूट गई और तालाब में गिर पड़ा ।

## स्वाध्याय



**१. सही ✓ या गलत ✗ चिह्न लगाओ :**

(१) कछुआ हरदम बक-बक करता था । ☐


(२) हंस तथा कछुए में शत्रुता थी । ☐

(३) जंगल के बीच एक सुंदर तालाब था । ☐

(४) कछुए ने हंसों की शर्त नहीं मानी । ☐



**२. पशुओं तथा पक्षियों के अंगों को पहचानकर उनके नाम पढ़ो और जोड़ियाँ मिलाओ :**

सींग पैर चोंच कान पंख पूँछ



**३. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :**

(१) जंगल के बीच एक ..... तालाब था ।

(२) कछुआ ..... में रहता था ।

(३) कछुए ने कहा, "आप ही कुछ ..... करो ।"

(४) कछुए के मुँह से ..... छूट गई ।



**४. कृति पूर्ण करो :**

| पाठ में आए चित्रों के नाम | | | |
|---|---|---|---|
| | | | |



**५. दूरदर्शन पर देखा हुआ शिक्षाप्रद विज्ञापन सुनाओ ।**





93BD6L



चित्र निरीक्षण – देखो, समझो और बताओ :

# ४. किसान एक अन्नदाता





१. **सुनो, समझो और दोहराओ :**



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कपास | कागज | किरण | कीचड़ | कुआँ |
| कूकना | कृषक | केकड़ा | कैमरा | कोमल |
| कौस्तुभ | कंकड़ | काँच | कॉक | मूषक: |

२. **पेड़ की आत्मकथा पढ़ो ।**

३. **दिए गए अधूरे शब्दों में उचित मात्रा चिह्न लगाकर शब्द पुन: लिखो :**



(१) क ज : ........... (२) अजीर : ...........

(३) मनक्का : ........... (४) ल ग : ...........

(५) ज रा : ........... (६) जतून : ...........

(७) कसर : ........... (८) मँगफली : ...........

(९) अखर ट : ........... (१०) कशमिश : ...........



४. **किसान से बातचीत करके उसकी दिनचर्या बताओ ।**

५. **दिए गए वर्णों को वर्णमाला के क्रम से लिखकर पढ़ो :**



| थ | ध | न | द | त |
|---|---|---|---|---|
| ........ | ........ | ........ | ........ | ........ |







XVJ2KD



आत्मकथा – सुनो, समझो और पढ़ो :

# ५. जोकर



मैं एक जोकर हूँ । **रंग–बिरंगे** कपड़े पहनता हूँ । चेहरे पर सफेद रंग लगाता हूँ और नाक पर **लाल–लाल** गेंद चिपकाता हूँ । मेरे बाल **सफेद–काले** और घुँघराले हैं । मैं सदा **उछलता–कूदता**, **हँसता–हँसाता** हूँ । कभी **भागता–भगाता** हूँ । **चित्र–विचित्र हाव–भाव** कर कभी फिसलता तो कभी गिरता हूँ । मुझे देखकर **बाल–बच्चे** **हल्ला–गुल्ला** मचाते हैं ।

मैं **छोटे–बड़े** **गाँव–शहर** में जाता हूँ । मजेदार कलाबाजियाँ दिखाकर **अच्छे–भले** करतब करता हूँ । कभी **उल्टा–पुल्टा** तो कभी **आगे–पीछे** तो कभी **ऊपर–नीचे** छलाँगें लगाता हूँ । सीढ़ियों पर **सरसर–सरसर**, **चढ़ता–उतरता** हूँ । **गोल–गोल** रिंग से **आर–पार** हो जाता हूँ । हँसाना मेरा काम है । जोकर मेरा नाम है ।

## स्वाध्याय



**१. सुनो, समझो और दोहराओ :**


| | | | |
|---|---|---|---|
| धीरे-धीरे | सुख-दुख | खेलते-कूदते | ठीक-ठाक |
| हँसी-खुशी | पढ़ाई-लिखाई | घर-परिवार | आते-जाते |



**२. 'जोकर' की विशेषताओं पर चर्चा करो ।**




**३. लिखो :**







**४. पहचानो और चेहरे के भाव बताओ :**





**५. दिए गए वर्णों को वर्णमाला के क्रम से लिखकर पढ़ो :**

| फ | भ | म | ब | प |
|---|---|---|---|---|
| .......... | .......... | .......... | .......... | .......... |




AS5WA9



बाल कहानी – सुनो, समझो और पढ़ो :

# ६. जल्दबाजी

*– पूनम श्रीवास्तव*



संजना नाम की एक लड़की थी । वह दूसरी कक्षा में पढ़ती थी । बहुत चुलबुली और चंचल स्वभाव की थी । वह बहुत होशियार भी थी । पास–पड़ोस में सभी की मदद करती थी परंतु उसे हर काम जल्दबाजी में करने की आदत थी । इसी गड़बड़ी में उसके सारे काम बिगड़ जाते थे ।



घर में भी हड़बड़ी में उसके हाथों से बर्तन गिरते थे । उसका किसी से टकराना तो आम बात थी । एक दिन जल्दी में वह दादी माँ से टकरा गई । खुद भी गिर गई और पानी का गिलास भी गिर गया । दादी माँ ने उसे समझाया कि हड़बड़ी ना करे ।

एक दिन की बात है, वह पाठशाला के सामने रिक्शे से उतर रही थी । जल्दबाजी में बस्ता रिक्शे में फँसकर फट गया । बस्ते से सारा सामान जमीन पर गिर गया । यह देखकर वह रोने लगी । रिक्शावाले काका ने उसे समझाया, ‘‘बेटी संजना, कोई काम जल्दबाजी में नहीं करना चाहिए । इससे काम बिगड़ जाता है ।'' रिक्शेवाले ने अपने पास की एक थैली में उसका सारा सामान रखकर दे दिया ।



संजना ने कहा, ‘‘काका जी आप ने सही कहा । आज से मैं निश्चय करती हूँ कि कोई काम जल्दबाजी में नहीं करूँगी ।'' रिक्शावाले काका जी को धन्यवाद देती हुई वह पाठशाला की ओर चल पड़ी ।

## १. सुनो, समझो और दोहराओ :



बस्ता    पुस्तक    रबड़    पेंसिल    खाने का डिब्बा

कॉपी    कलम    रंग    कंपास    पानी की बोतल

## २. सुनो और बताओ :



| एक वचन | बहुवचन | एक वचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| (१) एक बेटी | अनेक बेटियाँ | (४) एक आम | ढेरों ........... |
| (२) एक पुस्तक | कई ........... | (५) एक कक्षा | कुछ ........... |
| (३) एक तारा | सात ........... | (६) एक चिड़िया | बहुत ........... |

## ३. दिए गए वर्णों को वर्णमाला के क्रम से लिखकर पढ़ो :



| र | व | ल | य |
|---|---|---|---|
| .......... | .......... | .......... | .......... |

| ष | ळ | ह | स | श |
|---|---|---|---|---|
| .......... | .......... | .......... | .......... | .......... |

## ४. लिखो :



(१) लड़की का नाम : ...........

(२) संजना की कक्षा : ...........

(३) संजना का स्वभाव : (१) ........... (२) ...........

## ५. कक्षा में 'रिक्शावाले काका' पर चर्चा करो ।










MNRQZ5



हास्य कविता – सुनो, दोहराओ और गाओ :




# ७. इधर–उधर

*– डॉ. रमेश मिलन*





इधर–उधर दो भाई पेटू,
पहुँच गए ननिहाल ।
हलुवा, लड्‌डू, गरम जलेबी,
खूब छके तर माल ।




उछल इधर ने कूद उधर ने,
रबड़ी खूब उड़ाई ।
पानी पूरी गरम समोसे,
लस्सी और नरम मलाई ।



रसगुल्ले, बरफी खा–खाकर
हुए नगाड़े पेट ।
बजे दर्द के ढोल–ढमाके
गए वहीं पर लेट ।



देख डॉक्टर को दोनों में,
मच गई मारामारी ।
इधर को पकड़ा, उधर को जकड़ा,
सुई लगाई भारी ।



कान पकड़कर इधर–उधर अब,
बोले राम दुहाई ।
है जी का जंजाल मिठाई,
समझ हमें अब आई ।



१. **शब्दों की अंताक्षरी खेलो :**



जैसे : खेत – तारा – रानी – नीला – ...... – ...... – ......

२. **लययुक्त शब्दों को सुनो और समझो :**



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चूड़ियों की | – | खनखनाहट | हवा की | – | सरसराहट |
| पत्तों की | – | खड़खड़ाहट | बादलों की | – | गड़गड़ाहट |
| पायल की | – | छम–छम | पानी की | – | कलकल |

३. **दिए गए वर्णों को वर्णमाला के क्रम से लिखकर पढ़ो :**



| त्र | श्र | ज्ञ | क्ष |
|---|---|---|---|
| .......... | .......... | .......... | .......... |


४. **सोचो और लिखो :**





| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | त | | ला |
| | | | | |
| | | बू | | |
| | हा | | | |





५. **माँ से सब्जियाँ खाने का महत्त्व समझो और बताओ ।**









2A84SN



वाचन – पढ़ो, समझो और बनाओ :


# ८. बंदनवार





आओ, बड़ों की सहायता से गेंदे के फूलों की बंदनवार बनाओ ।

**सामग्री :** गेंदे के फूल और मोटा धागा ।




**विधि :**

(१) कुछ गेंदे के फूल लो ।

(२) मोटा धागा लो ।




(३) गेंदे के फूल के डंठल को पकड़ो ।



(४) धागे की सहायता से डंठल पर गाँठ बाँधो ।

(५) दूसरा फूल लो, उसके डंठल पर भी गाँठ बाँध लो ।





(६) ऐसे ही एक-एक करके फूलों की डंठल पर गाँठ बाँध लो ।



(७) इसी तरह से फूलों की बंदनवार पूरी करो ।

लो, बन गई बंदनवार ।

# पुनरावर्तन-२

## १. सुनो और बार-बार बोलो :



(१) हमें हर जगह स्वच्छता रखनी चाहिए ।

(२) बड़ों का आदर करना चाहिए ।

(३) पानी बचाना चाहिए ।

(४) समय का सदुपयोग करना चाहिए ।

(५) गरीबों की सहायता करनी चाहिए ।



## २. बताओ और लिखो :

(१) परिवार में सदस्यों की संख्या ..................................

(२) माता जी का नाम ..................................

(३) पिता जी का नाम ..................................

(४) तुम्हारी पसंद के खेल ............... , ..............

(५) तुम्हारे प्रिय फल ............... , ...............


(६) तुम्हारी पसंद के प्राणी ............... , ...............

## ३. चित्रों के आधार पर कहानी सुनाओ :





## ४. खेल–खेल में शब्द बनाओ :




## ५. पढ़ो और समझो :



| | | | |
|---|---|---|---|
| गाना | चिड़िया | लीची | कुमार |
| नूपुर | कृति | पेड़ | पैसे |
| ओजस | नौरोज | अंबर | प्रात: |

## ६. देखें कितना जानते हो ?



(१) सप्ताह में कितने दिन होते हैं?

(२) मुख्य दिशाएँ कितनी होती हैं?

(सात/चार)

(३) जून माह में कितने दिन होते हैं?

(४) जनवरी माह में कितने दिन होते हैं?

(३०/३१)

(५) किस वाहन में अधिक लोग बैठ सकते हैं?

(६) पानी में चलने वाला वाहन कौन–सा है?

(बस/नौका)



पूर्वानुभव – देखो, बताओ और पढ़ो :

# * वनभोज







चित्रवाचन – देखो, समझो और बताओ :

# १. हमें पहचानो





